# कार्यालय नगर निगम जोधपुर, दक्षिण

(नगर निगम भवन, पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर)
(ceo_nnj@rediffmail.com Tel: 0291-2651464)

कमांकः– 7361 दिनांकः– 16/07/24

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

U. B. No. DLB2425GSOB03316

नगर निगम जोधपुर दक्षिण गैरेज शाखा के Ashoka lyland हेतु स्पेयर पार्टस आपूर्ति एवं रिपेयरिंग कार्य हेतु दो वर्ष के लिए विनिर्माता/अधिकृत विक्रेता/ISO रजिस्टर्ड फर्मों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjs से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर निगम जोधपुर, दक्षिण

कमांकः– 7362 to 7372 दिनांकः–

प्रतिलिपिः–

1 निजी सहायक, महापौर महोदया, नगर निगम जोधपुर दक्षिण।
2 अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम जोधपुर दक्षिण।
3 लेखाधिकारी, नगर निगम जोधपुर दक्षिण।
4 अधिशाषी अभियंता (गैरेज), नगर निगम जोधपुर दक्षिण।
5 बिल लिपिक, नगर निगम जोधपुर दक्षिण।
6 प्रभारी ओसवाल डाटा प्रोसेसर, नगर निगम जोधपुर दक्षिण को प्रेषित कर लेख हैं कि उक्त निविदा नगर निगम की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड करें।
7 प्रोग्रामर, नगर निगम जोधपुर दक्षिण को प्रेषित कर लेख हैं कि उक्त निविदा नगर निगम की वेबसाईट www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjs पर अपलोड करें।
8 राजस्थान संवाद जयपुर को प्रेषित कर लेख हैं कि उक्त निविदा एक राज्य स्तर के समाचार पत्र में जिनकी प्रतिदिन प्रतियों की संख्या 50 हजार या इससे अधिक हा एवं एक क्षैत्रीय स्तर के समाचार पत्र में न्यूनतम साईज में प्रकाशित कर बिल राजकीय दर से भिजवाने की व्यवस्था करावें।
9 सहायक अभियंता (यांत्रिक) गैरेज शाखा दक्षिण को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करावें।
10 नोटिस बोर्ड, नगर निगम जोधपुर दक्षिण।
11 गार्ड फाईल, नगर निगम जोधपुर दक्षिण।

आयुक्त
नगर निगम जोधपुर, दक्षिण

# कार्यालय नगर निगम जोधपुर, दक्षिण

(नगर निगम भवन, पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर)
(ceo_nnj@rediffmail.com Tel: 0291-2651464)

क्रमांकः– 7361 DLB2425GSOB03316 दिनांक :– 16/07/24

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर निगम जोधपुर, दक्षिण की ओर से निविदा शर्तों के अनुसार अनुभवी एवं योग्य फर्मो/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

### महत्वपूर्ण दिनांकों का विवरण

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा फार्म अपलोड करने की दिनांक व समय | 16/07/2024 | 05:45 |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराना प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 17/07/2024 | 11:00 |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 24/07/2024 | 03:00 |
| निविदा शुल्क/धरोहर राशि/ई–टेण्डरिंग प्रकिया शुल्क के डी.डी/बैंकर्स चैक की मूल प्रति गैरेज प्रभारी (दक्षिण) रूम न : 324 नगर निगम जोधपुर दक्षिण कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 24/07/2024 | 03:30 |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय | 24/07/2024 | 04:00 |

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा शुल्क (रूपये में) | प्रकिया शुल्क (रूपये में) | निविदा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम जोधपुर दक्षिण गैरेज शाखा के Ashoka lyland वाहनों के मूल स्पेयर पार्टस आपूर्ति एवं रिपेयरिंग कार्य हेतु दो वर्ष के लिए निविदा। | 10.00 लाख | 20000/- | 500/– | 500/– | दो वर्ष |

दा की महत्वपूर्ण शर्ते निम्नानुसार है :–

1. निविदा की प्रकिया ऑन लाईन होगी। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉर्मेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करानी होगी।
2. निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवंश यदि निविदाएं नहीं खोली जा सकती है, तो उसके अगले कार्य दिवस को निविदायें खोलने का कार्य जारी रखा जावेगा।
3. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रकिया शुल्क हेतु निम्नलिखित राशि के डी. डी/बैंकर चैक की मूल प्रति जोधपुर नगर निगम कार्यालय में नियमानुसार निविदा खोले जाने के समय से पूर्व में जमा करवाना आवश्यक है।

| क्र.सं. | शुल्क विवरण | शुल्क राशि | भुगतान का प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा शुल्क | 500/– | डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक | आयुक्त नगर निगम जोधपुर, दक्षिण |
| 2. | धरोहर राशि | 20000/– | डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक | आयुक्त नगर निगम जोधपुर, दक्षिण |
| 3. | ई–टेण्डरिंग प्रकिया शुल्क | 500/– | डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक | MD RISL, JAIPUR |

4. प्रदत दरें निविदा खोलने की दिनांक से 60 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (Vaild) रहेगी। यदि निविदादाता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है, तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
5. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य की अनुमति के बिना, सेवानिवृति के पश्चात 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेंगे। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों मे कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहां से सेवायें लेने से पहले नहीं ली है, तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।
6. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा।

आयुक्त
नगर निगम जोधपुर, दक्षिण

# कार्यालय नगर निगम जोधपुर, दक्षिण

(नगर निगम भवन, पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर)
(ceo_nnj@rediffmail.com Tel: 0291-2651464)

क्रमांकः–

दिनांकः–

कार्य का नामः– **नगर निगम जोधपुर, दक्षिण गैरेज शाखा के अशोका लिलेण्ड (Ashoka Lyland) वाहनों के लिए मूल स्पेयर पार्टस आपूर्ति एवं रिपेयरिंग कार्य हेतु निविदा।**

**टिप्पणीः–** निविदादाताओं को इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए तथा अपनी निविदाएं भेजते समय इनकी पूर्ण पालना करनी चाहिए।

1 **निविदा प्रस्तुत करना :–**

1. निविदा एक स्तरीय बिड पद्धति के अनुसार आमंत्रित की गयी है जिसमें निविदा के साथ मांगे गये सभी दस्तावेज एवं निविदा के लिए निर्धारित मापदण्डों से सम्बंधित सभी दस्तावेजों की प्रतियॉ प्रस्तुत करनी होगी। उपरोक्त कार्य करने हेतु कार्य की दर निर्धारित प्रारूप **परिशिष्ट – 'अ'** में प्रस्तुत करनी होगी। निविदा के लिए निर्धारित मापदण्डों से सम्बंधित दस्तावेजों की प्रतियॉ प्रस्तुत नहीं करने पर उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा को निरस्त करते हुए निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत की गई दर पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. पत्राचार हेतु नगर निगम का पता :–

**''आयुक्त''**
**नगर निगम जोधपुर, दक्षिण**
**पॉलिटेक्निक कॉलेज के अंदर, गौरव पथ, जोधपुर।**
**फोन नं.– 02912651464**

**संवेदक का पत्राचार हेतु पता (संवेदक अपना स्थाई पता, फैक्स, ई–मेल, फोन नम्बर अंकित करें):–**

..........................................................................

..........................................................................

**2. संवेदक की पात्रता एवं तकनिकी निविदा के साथ में निविदादाता द्वारा निम्न पत्र/दस्तावेज अपलोड किये जावेंगे :–**

1 निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं ई–प्रकिया शुल्क हेतु डी. डी/बैंकर चैक की स्केन प्रति।

2 निविदादाता/फर्म का वस्तु एवं सेवाकर कार्यालय (GSTIN) में पंजीयन होना आवश्यक है। PAN Card एवं GSTIN पंजीयन प्रमाण पत्र की स्केन प्रति।

3 यदि इस कार्य हेतु **(अशोका लिलेण्ड (Ashoka Lyland) वाहनों के लिए मूल स्पेयर पार्टस आपूर्ति एवं रिपेयरिंग कार्य)** विनिर्माता या अधिकृत विक्रेता निविदा में भाग लेते हैं तो विनिर्माता या अधिकृत विक्रेता को तरजीह दी जायेगी तथा विनिर्माता या अधिकृत विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत दरों पर ही विचार किया जायेगा। विनिर्माता या अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि इस निविदा में विनिर्माता या अधिकृत विक्रेता भाग नहीं लेते हैं तो अन्य फर्मो को साक्ष्य स्वरूप सम्बन्धित अधिकृत कम्पनी का **Spare Parts Catelogue** अनुबन्ध के साथ प्रस्तुत करना होगा।

4 निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पेज पर आवेदक के हस्ताक्षर व सील लगाकर निविदा प्रपत्र की स्केन प्रति।

5 संवेदक द्वारा परिशिष्ट 'ब' में अंडरटेकिंग की स्केन प्रति।

6 किसी भी तरह का Joint Venture स्वीकार्य नहीं होगा। संवेदक उक्त कार्य को किसी अन्य संवेदक/फर्म को सबलेट नहीं कर सकेगा।

7 निविदादाता फर्म/संवेदक किसी भी सरकारी कार्यालय/अर्द्धसरकारी कार्य्रालय/नगर निगम से ब्लैकलिस्ट नही होना चाहिये तथा फर्म/संवेदक का कोई भी नजदीकी रिश्तेदार नगर निगम जोधपुर में कार्यरत नहीं होना चाहिये। ब्लैक लिस्ट नहीं होने एवं कोई भी नजदीकी रिश्तेदार नगर निगम जोधपुर में कार्यरत नहीं होने से सम्बंधित शपथ पत्र रूपये 100/— के नॉन—ज्यूडिशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करना होगा जो कि निविदा खोलने के समय से पूर्व नगर निगम जोधपुर दक्षिण कार्यालय रुम नम्बर 324 में प्रस्तुत करना होगा तथा इसकी स्केन प्रति तकनीकी निविदा के साथ ऑनलाइन अपलोड करनी होगी।

**नोट :— उपरोक्त बिन्दु संख्या 1 से 7 तक निर्धारित मापदण्डों हेतु आवश्यक उल्लेखित दस्तावेज निविदा के साथ अपलोड करने होंगे। उपरोक्त दस्तावेज निविदा के साथ अपलोड नहीं करने या प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों पर संशय होने पर निविदा समिति निविदादाता से स्पष्टीकरण हेतु दस्तावेज मांगने हेतु स्वतंत्र है। निविदादाता द्वारा स्पष्टीकरण हेतु दस्तावेज दी गई समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने पर निविदा दाता को निविदा के मुल्यांकन में अयोग्य घोषित करते हुए उनके द्वारा वित्तीय प्रस्ताव में प्रस्तुत दरों पर कोई विचार नही किया जायेगा।**

## 3. सामान्य शर्ते :—

1. **निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रकिया शुल्क हेतु डी.डी./बैंकर्स चैक की मूल प्रति नगर निगम जोधपुर दक्षिण के कार्यालय रुम नम्बर 324 में नियमानुसार निविदा खोले जाने के समय से पूर्व में जमा करवाना आवश्यक है। बिना निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रकिया शुल्क के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।**
2. निविदा शुल्क व ई—प्रकिया शुल्क की राशि वापस नहीं दी जावेगी।
3. निविदा प्रस्तुत करने के लिये सभी व्यय संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा। उक्त व्यय के लिए नगर निगम उतरदायी नहीं है।
4. निविदादाता कार्य की प्रकृति, कार्य स्थल, निविदा दस्तावेज, विभिन्न नियम—शर्तो/निर्देशों को ध्यान में रखते हुए वितीय प्रस्ताव में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रस्तुत दरें सभी करों सहित होगी।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् निविदादाता, निविदा में किसी प्रकार का संशोधन/निविदा को प्रत्याहत नहीं कर सकेगा।
6. निविदा एवं कार्य से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना, विभिन्न नियम/शर्तों, विवरण के सम्बन्ध में जानकारी निविदा प्रपत्र अपलोड करने से पूर्व नगर निगम जोधपुर कमरा न. 324 में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।
7. वित्तीय प्रस्ताव में प्रस्तुत दरों में सभी टैक्स सम्मिलित होगें। भुगतान में से टी.डी.एस. व अन्य करों की कटौती नियमानुसार की जायेगी तथा सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

8 निविदा की अवधि दो वर्ष की होगी।

9 कार्य संतोषजनक होने पर संवेदक की सहमति से उसी दरों पर कार्य करने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्य अवधि बढाये जाने हेतु स्वतंत्र है। कार्य संतोषजनक नहीं होने अथवा अन्य परिस्थितियॉ होने पर नगर निगम किसी भी समय निविदा निरस्त कर सकता है जिस पर कोई वाद मान्य नहीं होगा तथा न ही निविदा में शेष बचे समय के लिए संवेदक को कोई क्षतिपूर्ति राशि देय होगी।

10 नगर निगम एवं निविदादाता के मध्य निविदा एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में होगें। हिन्दी/अंग्रेजी के अतिरिक्त निविदा में दस्तावेज अन्य भाषा में होने

पर इन दस्तावेजों का पूर्ण शुद्ध रूपान्तरण हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में करके अपलोड करने होंगें। निविदादाता को वितीय प्रस्ताव INR में ही प्रस्तुत करने होगें।

11 नियमित कार्य हेतु समय पाबन्द व्यवस्था व त्वरित निर्देश प्रवाह हेतु निविदादाता को निरन्तर संचालन स्थिति में टेलिफोन/मोबाईल टेलीफोन की व्यवस्था रखनी होगी जिसके अभाव में शर्तों का उल्लघंन माना जावेगा। निविदादाता को जोधपुर स्थित अपने कार्यालय/कार्यशाला का पूर्ण पता देना होगा।

12 नगर निगम के द्वारा कार्यादेश देने के पश्चात सफल संवेदक को निम्न औपचारिकताएँ 15 दिवस में पूर्ण करनी होगी :–

(क) नियमानुसार अनुबन्ध पत्र नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करने हेतु।

(ख) निविदा की राशि के 5 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक /शेड्यूल बैक की बैक गारण्टी/शेड्यूल बैक की एफ.डी.आर. "आयुक्त नगर निगम जोधपुर दक्षिण" के नाम जोधपुर में देय प्रस्तुत करने हेतु।

(ग) नगर निगम बैक गांरटी जारी करने वाले बैंक से बैक गारंटी प्रमाणीकरण करवाने हेतु स्वतंत्र है।

(घ) प्रतिभूति राशि जब्त करने की स्थिति में एफ.डी.आर. भी उक्त एफ.डी. पर ब्याज सहित जब्त होगी।

(ड) प्रतिभूति राशि निविदा पूर्ण होने की दिनांक से 60 दिवस बाद तक वैध होनी आवश्यक है।

13 सफल निविदादाता को 15 दिवस में अनुबन्ध पत्र भरकर देना होगा तथा निविदा की राशि के 5 प्रतिशत की दर से प्रतिभूति राशि निगम कोष में जमा करवानी होगी।

14 यदि सफल निविदादाता समयावधि में अनुबंध पत्र एवं प्रतिभूति राशि जमा नही कराता है तो नगर निगम जोधपुर इस निविदादाता की निविदा को निरस्त कर एवं धरोहर राशि जब्त करते हुए RTPP अधिनियम 2012 एवं RTPP नियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए अगले न्यूनतम निविदादाता ($L_2$) को कार्यादेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है।

15 सफल निविदा की निविदा के समय जमा करायी गयी धरोहर राशि को प्रतिभूति राशि के प्रति समायोजित कर लिया जाएगा। धरोहर राशि पर कोई ब्याज संदत नही किया जायेगा।

16 विभाग द्वारा प्रतिभूति राशि पर कोई ब्याज संदत नहीं किया जाएगा।

17 केन्द्रीय सरकार तथा राजस्थान सरकार के उपकम प्रतिभूति की राशि प्रस्तुत किए जाने से मुक्त होगें।

18 प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण (Forfeiture):– प्रतिभूति की राशि का निम्नलिखित प्रकरणो में पूर्णतः या अंशतः समपहरण किया जा सकेगा।

(क) जब निविदा के किसी निबंधन और शर्तो को भंग किया जाता है।

(ख) जब निविदादाता संतोषप्रद रुप से माल प्रदाय करने में विफल रहता है।

(ग) प्रतिभूति निक्षेप के समपहरण के मामले में उपयुक्त समय का नोटिस दिया जाएगा। इस सम्बंध में कय अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

<u>19 वसूलियांः–</u> क्षयों, कम सप्लाई, टूट–फूट, रद्द की गयी वस्तुओं के लिए वसूली बिल में से की जाएगी। कम सप्लाई, टूट–फूट, रद्द किए गए कार्य की सीमा तक राशि को भी रोका जा सकेगा तथा यदि संवेदक संतोषजनक ढंग से उनको नहीं बदलता है/रिपेयर नहीं करता है तो वसूली उसकी देय राशि एवं विभाग के पास उपलब्ध प्रतिभूति निपेक्ष से की जायेगी। समय पर कार्य नहीं किये जाने पर निविदादाता की रिस्क एवं कोस्ट पर बाजार से कार्य करवाया जायेगा तथा अन्तर राशि निविदादाता से वसूली जायेगी जिसके लिए निविदादाता जिम्मेदार होगा।

20 वाहन स्पेयर अपूर्ति/रिपेयर का प्रमाणन गैरेज फीटर से करवाकर बिल गैराज प्रभारी को प्रस्तुत करना होगा

21 निम्न स्थिति मे धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी

(1) यदि निविदादाता निविदा खोलने के बाद से निविदा स्वीकार करने तक निविदा वापस ले लेता है या शर्तो में किसी तरह का संशोधन करता है।

(2) जब निविदादाता कार्यालय आदेश जारी होने के पश्चात् दी गई समयावधि में अनुबंध पत्र प्रस्तुत नहीं करता है।

(3) जब प्रदाय आदेश दिए जाने के पश्चात् निविदादाता प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।

(4) यदि निविदादाता निविदा प्रपत्र में दी गई शर्तों का उल्लंघन करता है।

22 निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा को निम्न स्थितियों में निरस्त माना जायेगा यदि–

(1) निविदा दस्तावेजों के प्रावधान के अनुसार योग्यता नही रखता हो।

(2) निविदा के साथ धरोहर राशि जमा नहीं की गई हो।

(3) जानबुझकर तथ्यों को छिपाया गया हो या गलत पेश किया गया हो।

23 समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता द्वारा समयावधि के पश्चात् निविदा प्रस्तुत करने के लिए जोधपुर नगर निगम दक्षिण उतरदायी नहीं होगा। निविदा दस्तावेज/शुद्विपत्र/संशोधन SPPP पॉर्टल/e-procurement site से डाउनलोड नही होने पर जोधपुर नगर निगम दक्षिण उतरदायी नही है।

24 निविदा पर अन्तिम निर्णय होने व कार्यादेश जारी करने के पश्चात् सफल निविदादाता के अलावा अन्य सभी निविदादाताओं की धरोहर राशि बिना ब्याज के लौटा दी जावेगी।

25 नगर निगम निविदा स्वीकार करने, अस्वीकार करने, आंशिक स्वीकार करने, निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

26 न्यूनतम निविदा स्वीकार करने के लिये नगर निगम बाध्य नहीं है। आदेश देने के पूर्व तक नगर निगम सभी निविदाओं को निरस्त कर सकता है।

27 सफल निविदादाता द्वारा उक्त संविदा की समयावधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने एवं किसी भी तरह का नगर निगम में बकाया नहीं होने के पश्चात् प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के लौटाई जायेगी।

28 निविदा संबंधित RTPP अधिनियम 2012 एवं RTPP नियम 2013 की शर्ते यथा परिवर्तन लागू होगी।

29 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जोधपुर होगा। सभी प्रकार के अदालती विवादों के लिए संवेदक/फर्म जिम्मेदार होगा।

30 समस्त शर्तो की पालना में मतभेद होने पर आयुक्त द्वारा निर्णय किया जायेगा।

31 किसी भी विवाद में आयुक्त/महापौर का निर्णय अन्तिम व दोनों पक्षों को मान्य होगा।

32 संवेदक Ashoka lyland का अधिकृत Geniune parts authorized होने एवं CRM Code के possesion पर प्राथमिकता दी जायेगी।

5. <u>कार्य से सम्बन्धित शर्तें:–</u>

1. सम्बन्धित कम्पनी के मूल/वास्तविक स्पेयर पार्टस ही आपूर्ति करने होंगें। यदि सम्बन्धित कम्पनी या इनके समतुल्य पार्टस बाजार में उपलब्ध नहीं है तो इनकी वास्तविकता का निर्धारण फीटर दक्षिण द्वारा किया जायेगा।
2. सफल निविदादाता गैरेज द्वारा निर्देशित स्पेयर पार्टस की आपूर्ति/कार्य तीन दिन में करेंगें। निविदादाता के कार्य करने में विफल होने पर बाजार से उक्त कार्य करवाया जा सकेगा। यदि यह प्रतीत होता है कि संवेदक जान–बुझकर कार्य पूर्ण करने में देरी कर रहा है तो प्रति अतिरीक्त दिवस रूपये 500/– की पेनल्टी लगाई जायेगी।
3. मेजर कार्य के अलावा अन्य कार्य कार्यादेश के एक दिन में पूर्ण करने होगें अन्यथा रूपये 500/– प्रतिदिन की पेनल्टी लगाई जायेगी।
4. नगर निगम जोधपुर, दक्षिण किसी रिपेयर कार्य को नगर निगम जोधपुर, दक्षिण के गैरेज में पूर्ण करने हेतु संवेदक को निर्देशित कर सकता है जिसकी पालना संवेदक को करनी होगी।
5. वितीय प्रस्ताव में यदि स्पेयर पार्टस की रेट लिस्ट पर Discount मांगा गया है। तो कम्पनी Spare Parts CateLogue सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध के समय प्रस्तुत करनी होगी।
6. Spare Parts दर के सन्दर्भ में संवेदक से कम्पनी अधिकृत Spare Parts Catelogue Rate List Any Time साक्ष्य स्वरूप प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया जा सकता है जिसकी पालना संवेदक को करनी होगी।

7. **निविदा प्रपत्र में संशोधन :–**

1 नगर निगम जोधपुर दक्षिण में निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तारीख तक प्रशासनिक, तकनीकी या किसी भी कारण से निविदा में संशोधन कर सकता है जो कि www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajsthan.gov.in वेबसाइट पर अपलोड किया जावेगा।

2 संशोधन निविदा प्रपत्र का भाग माना जावेगा।

आयुक्त
**नगर निगम जोधपुर, दक्षिण**

**निविदा प्रपत्र पढ व समझ लिया है। इसकी पूर्ण पालना करने को सहमत है। अपनी सहमति में मैं/हम निविदा प्रपत्र हस्ताक्षर व सील लगाकर प्रस्तुत कर रहे हैं तथा अपनी दर ऑनलाइन BOQ में भरकर प्रस्तुत कर रहे हैं।**

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**नाम मय मोहर**

Municipal Corporation Jodhpur South
(Nagar Nigam Bhavan, Polotechnic College Parishar Residency Road, Jodhpur)
(ceo_nnj@rediffmail.com Tel: 0291-2651464)

# Financial Proposal

## A. For spare Parts

| S.No. | Description | Discount to be quoted by bidder |
|---|---|---|
| 1 | Discount on MRP of Ashoka Lyland Spare Parts/Equipment | ------------------------% |

| S.No. | Description | Rate in Rs. (Including all taxes) | Rate After Discount |
|---|---|---|---|
| 1 | CL withdrawal plate | 630/- | |
| 2 | S/A clutch W/D BRG | 1971/- | |
| 3 | Clutch cover – 38CM | 10268/- | |
| 4 | Gear shift lever | 903/- | |
| 5 | Clutch disc – 31CM F510MCC | 5896/- | |
| 6 | Oil filter | 495/- | |
| 7 | Fuel filter element | 446/- | |
| 8 | Universal joint | 1776/- | |
| 9 | Main leaf – 1st leaf | 3599/- | |
| 10 | Center bolt & nut kit | 225/- | |
| 11 | Pinion oil seal | 1081/- | |
| 12 | Starter ring | 2445/- | |
| 13 | Fan belt | 680/- | |

**Signature of Bidder**
**With name and seal**

परिशिष्ट – 'ब'

# –:: अण्डर–टेकिंग ::–

निविदा के लिये मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत किये गये सभी पत्र व जानकारियां सही व सत्य है, यदि यह गलत व असत्य पायी गयी तो मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त कर मेरी/हमारी जमा धरोहर राशि जब्त करने के लिये आप अधिकृत है।

मेरे/हम को यह ज्ञात है कि हमारे द्वारा प्रस्तुत पत्र/जानकारी निविदा के कार्य समय में कभी भी असत्य व गलत पायी जाने पर मेरी/हमारी निविदा निरस्त कर दी जावेगी तथा धरोहर राशि व भुगतान आदि राशि जब्त कर ली जावेगी।

मैं/हम यह भी घोषणा करते है कि मैनें/हमने कार्य स्थल तथा कार्य विवरण को देख समझ लिया है। मैं/हम स्वीकार करते है कि हमारी जमा की गई धरोहर राशि तथा सिक्योरिटी डिपोजिट पर ब्याज देय नही होगा तथा अगर मैंने/हमनें (1) अपनी निविदा दर की वैद्यता 60 दिवस से कम समय के लिये प्रस्तुत की (2) दरें स्वीकृति के पश्चात् निविदा के निर्देशों की निर्धारित समय में पालना नही की (3) आदेशित कार्य समय पर प्रारम्भ नही किया (4) निविदा प्रपत्र के व नगर निगम के आदेश/निर्देशों की पालना नही की तो नगर निगम द्वारा निविदा निरस्त कर प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।

इन वाहनों से सम्बन्धित सभी व्यय मैं/हमारे द्वारा वहन किये जायेगे।

मुझे/हमें यह ज्ञात है कि सिक्योरिटी डिपोजिट का कार्य समाप्त होने के पश्चात् मांग करने पर बिना ब्याज के भुगतान किया जावेगा।

निविदा स्वीकार होने पर निविदा के नियम, शर्तो, संलग्न प्रपत्रों, निगम आदेशों की पालना करने के लिये मैं/हम बाध्य हैं तथा सहमति देते हैं।

मैं/हम यह भी घोषणा करते है कि नगर निगम प्रशासनिक, विधिक या अन्य किसी कारण से किसी भी समय कार्यादेश को निरस्त कर सकता है तथा इसका कोई क्षतिपूर्ति भुगतान नही किया जावेगा। इसकी मैं/हम सहमति देते हैं।

**मैं/हम यह भी घोषणा करते हैं कि मैं/हमारी फर्म कहीं पर भी ब्लैक लिस्टेड नहीं हैं।**

**मैं/हम यह भी घोषणा करते है कि मैं/हमारा कोई भी नजदीकी रिश्तेदार नगर निगम जोधपुर में कार्यरत नहीं है।**

**दिनांक :** ..................................

**निविदादाता का नाम व**
**हस्ताक्षर मय सील**

# Municipal Corporation Jodhpur South

## Declaration by the Bidder in compliance of Section 7 & 11 of the Act

## Declaration by the Bidder/ JV

In relation to our Bid submitted to Commissioner, Municipal Corporation Jodhpur South for procurement of ------------------------------------------------------------------------------- in response to their Notice Inviting Bids No............... Dated .............. We hereby declare under Section 7 and 11 of the Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, 2012, that;

1. We possess the necessary professional, technical, financial and managerial resources and competence required by the Bidding Document issued by the Procuring Entity;

2. We have fulfilled our obligation to pay such of the taxes payable to the Central Government or the State Government or any local authority, as specified in the Bidding Document;

3. We are not insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, not have my/our affairs administered by a court or a judicial officer, not have my/our business activities suspended and are not the subject of legal proceedings for any of the foregoing reasons;

4. We do not have, and our directors and officers not have, been convicted of any criminal offence related to our professional conduct or the making of false statements or misrepresentations as to our qualifications to enter into a procurement contract within a period of three years preceeding the commencement of this procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceedings;

5. We do not have a conflict of interest as specified in the Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, the Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules and this Bidding Document, which materially affects fair competition;

6. We have complied and shall continue to comply with the Code of Integrity as specified in the Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, the Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules and this Bidding Document, till completicn of all our obligations under the Contract.

Date: Signature of Bidder

Place: Name:

Designation:

Address: